कार्यालय अतिरिक्तमहानिदेशक पुलिस(अपराध शाखा),राजस्थान,जयपुर

(जन सम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेसनोट

कॉन्स्टेबल भर्ती–2017

7 मार्च से आयोजित होगी लिखित परीक्षा

जयपुर 26 फरवरी। पुलिस मुख्यालय द्वारा 5390 कॉन्स्टेबल सामान्य एवं कॉन्स्टेबल चालक पदो की लिखित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। कॉन्स्टेबल पदो के लिये लिखित परीक्षा आगामी 7 मार्च,2018 से लगभग 45 दिवस तक आयोजित की जायेगी।

महानिरीक्षक पुलिस,मुख्यालय,राजस्थान, जयपुर श्री संजीब कुमार नार्जारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पदो की लिखित ऑनलाईन (कम्प्यूटर आधारित) परीक्षा 07 मार्च,2018 से लगभग 45 दिवस तक जयपुर, जोधपुर, अजमेर, अलवर, बीकानेर, झुन्झुनू, कोटा, सीकर, गंगानगर एवं उदयपुर में तीन पारियों में आयोजित की जावेगी। इसके लिए अभ्यर्थी को एक घन्टा पहले प्रवेश पत्र में उल्लेखित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा के ई–प्रवेश पत्र विभाग की वैबसाईट www.exampolice.rajasthan.gov.in पर सभी अभ्यर्थियों को 27 फरवरी,2018 से प्रथम प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी को परीक्षा की दिनांक एवं परीक्षा स्थान की सूचना होगी।

श्री नार्जारी ने बताया कि परीक्षार्थियों को उनकी निर्धारित परीक्षा की दिनांक से तीन दिन पूर्व द्वितीय प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें परीक्षार्थी को परीक्षा की दिनांक, परीक्षा की पारी एवं परीक्षा केन्द्र की सूचना उपलब्ध होगी। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर द्वितीय प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

महानिरीक्षक पुलिस ने बताया कि प्रवेश पत्र वैबसाईट से प्राप्त करने की सूचना सम्बन्धित अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये मोबाईल नम्बर पर जरिये SMS अधिकृत फर्म द्वारा उपलब्ध करवाई जावेगी। अभ्यर्थियों के परीक्षा के लिये मोक टेस्ट की सुविधा अधिकृत फर्म द्वारा वैबसाईट पर उपलब्ध करवाई जायेगी। सम्बन्धित अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के ई–प्रवेश पत्र एवं महत्वपूर्ण निर्देश अपनी SSO I.D./ Transaction No. एवं जन्म दिनांक अंकित कर डाउनलोड कर सकेगें।

उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र वैबसाईट से प्राप्त करने की सूचना सम्बन्धित अभ्यर्थी को उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये मोबाईल नम्बर पर जरिये SMS अधिकृत फर्म द्वारा उपलब्ध करवाई जावेगी। अभ्यर्थियों कॉन्स्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को ई–प्रवेश पत्र के साथ स्वयं का आधार कार्ड, ई–आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, पैन कार्ड अथवा पासपोर्ट में से एक मूल दस्तावेज लाना आवश्यक होगा।

श्री नार्जारी ने बताया कि अभ्यर्थी को बॉलपेन व पेन्सिल परीक्षा केन्द्र पर साथ लाना अनिवार्य है। इनके अतिरिक्त मोबाईल– ब्ल्यूटूथ, पर्स या कोई भी आपत्तिजनक सामग्री के साथ अभ्यर्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश नही दिया जावेगा।

चन्द्रोदय/मनीष/ /2018

नोटः– उक्त प्रेस नोटwww.police.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

SARKARIRESULT.COM